an>

Title: Need to set up maize-based Food Processing Industries in Bhagalpur Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र भागलपुर के किसान बहुत ही बड़े पैमाने पर मक्का की खेती करते हैं। किसान महंगे खाद और बीज लेकर मक्के की खेती करते हैं, लेकिन स्थानीय स्तर पर किसानों के मक्के की फसल का लागत मूल्य भी मिलना मुश्किल हो रहा है। किसानों के फसल के लाभकारी मूल्य नहीं मिलने के कारण किसान लगातार कर्ज में डूबते जा रहे हैं तथा लागत से भी कम मूल्य पर उन्हें अपने मक्के को बेचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। भागलपुर में मक्के के खाद्य प्रसंस्करण का कोई भी उद्योग नहीं है जिसके चलते फसलों की बर्बादी भी हो रही है। परिस्थिति यही रही तो किसान मक्का की खेती करना भी छोड़ देंगे और पुनः बेरोज़गार हो जायेंगे जिससे इस क्षेत्र में किसानों का विकास ठप्प हो जाएगा जबकि मक्का देश के जी.डी.पी. की बढ़ोत्तरी में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

अतः मेरी भारत सरकार से मांग है कि बिहार राज्य के भागलपुर में मक्के पर आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना करायी जाए तथा खाद्य प्रसंस्करण कंपनियों को किसानों से सीधे मक्का खरीदने की मंजूरी दी जाए ताकि भागलपुर तथा आस-पास के कई जिलों के किसानों के मक्के की फसल का लाभकारी मूल्य मिलना सुनिश्चित हो सके।